# NET/JRF HINDI MODEL PAPER-6

## टेस्ट – 6 सम्पूर्ण रीतिकाल

1. किसने भूषण का मूल नाम 'मनीराम या पतिराम' बताया ?
(अ) मिश्र बंधु (ब) गणपति चंद्रगुप्त ☑
(स) रामचंद्र शुक्ल (द) हजारी प्रसाद द्विवेदी

2. जिन्हें विश्वनाथ प्रसाद मिश्र ने रीति सिद्ध कवि कहा है उन्हें नगेंद्र ने क्या कहा है ?
(अ) रीतिबद्ध ☑
(ब) रीतिमुक्त
(स) उच्च कोटि की रचनाएं
(द) निम्न कोटि की रचनाएं

3. किसने रीतिकालीन कवियों को कविता का सौदागर कहा है ?
(अ) अचार्य रामचंद्र शुक्ल
(ब) डॉक्टर बच्चन सिंह ☑
(स) डॉ नगेंद्र
(द) हजारी प्रसाद द्विवेदी

4. 'छंद शास्त्र पर इनका सा विशेष निरूपण और किसी कवि मैं नहीं किया है' यह कथन आचार्य शुक्ल ने किसके लिए कहा है ?
(अ) बिहारी (ब) पद्माकर
(स) सुखदेव मिश्र ☑ (द) जसवंत सिंह

5. निम्न में से कौन सा कवि नीतिकार नहीं है ?
(अ) सम्मन (ब) रामसहाय दास
(स) भर्तृहरि (द) लाल कवि ☑

6. "ऋतु वर्णन में इनके हृदय का उल्लास उमड़ पड़ता है।" आचार्य रामचंद्र शुक्ल ने यह कथन किसके लिए कहा है ?
(अ) पद्माकर (ब) द्विज देव ☑
(स) ग्वाल कवि (द) बिहारी

7. आचार्य रामचंद्र शुक्ल के अनुसार 'इनके दोहे सरसता में बिहारी के दोहों के समान हैं।' किसके लिए कहा गया है ?
(अ) मंडन कवि (ब) मतिराम ☑
(स) देव (द) आलम

8. 'इस ग्रंथ को इन्होंने वास्तव में आचार्य के रूप में लिखा है कवि के रूप में नहीं।' आचार्य रामचंद्र शुक्ल ने यह किस ग्रंथ के बारे में कहा है ?
(अ) पद्मभरण
(ब) भाषाभूषण ☑
(स) कविकुल कंठाभरण
(द) काव्यनिर्णय

9. 'प्रेम की तन्मयता की दृष्टि से इन्हें रसखान और घनानंद की कोटी में ही होना चाहिए।' आचार्य रामचंद्र शुक्ल ने किसके लिए कहा है ?
(अ) आलम ☑ (ब) पद्माकर
(स) देव (द) बोधा

10. बिहारी की कविता को शक्कर की रोटी किसने कहा है ?
(अ) पदम सिंह शर्मा ☑
(ब) डॉक्टर बच्चन सिंह
(स) रामविलास शर्मा
(द) रामस्वरूप चतुर्वेदी

11. बिहारी का गागर में सागर भरने का गुण कितना प्रसिद्ध वह बहुत कुछ इसके कारण सम्भव हुआ है ?
(अ) बिहारी में कल्पना की समाहार शक्ति
(ब) बिहारी का नीति संबंधी वर्णन वैचित्र्य
(स) बिहारी के दोहों में रूढ़ी की स्थापना ☑
(द) बिहारी के रस व्यंजना का पूर्ण वैभव उनके अनुभवों के विधान में दिखाई पड़ता है इस कारण

12. "इन रीति ग्रंथों पर निर्भर रहने वाले व्यक्ति का साहित्य ज्ञान कच्चा ही समझना चाहिए"
यह कथन किसने कहा ?
(अ) बच्चन सिंह ☑
(ब) आचार्य रामचंद्र शुक्ल
(स) डॉ नगेंद्र
(द) हजारी प्रसाद द्विवेदी

13. कुलपति मिश्र ने किस राज्य के आश्रम में रहकर प्रसिद्ध ग्रंथ रस रहस्य की रचना की ?
(अ) राम सिंह ☑ (ब) प्रताप सिंह
(स) जय सिंह (द) भवानी सिंह

हिन्दी साहित्य चैनल

हमारी वेबसाइट पर Visit करें – www.hindisahity.com www.gkhub.in

14. 'वे हिंदू जाति के प्रतिनिधित्व कवि है।' आचार्य रामचंद्र शुक्ल ने किसके लिए कहा है ?
(अ) बिहारी
(ब) भूषण ☑
(स) तुलसीदास
(द) रसखान

15. ''श्रृंगार रस के ग्रंथों में जितने ख्याति और जितना मान बिहारी सतसई का हुआ है उतना अन्य किसी का नहीं इनका एक–एक दोहा हिंदी साहित्य में 1–1 रतन माना जाता है'' यह कथन किसका है
(अ) अचार्य रामचंद्र शुक्ल ☑
(ब) डॉक्टर बच्चन सिंह
(स) रामस्वरूप चतुर्वेदी
(द) रामविलास शर्मा

16. 'सूर, केशव, मंडन, बिहारी,कालिदास, ब्रह्म, चिंतामणि, मतिराम, भूषण सू जानिए।'
पंक्ति किसकी है?
(अ) भिखारी दास ☑ (ब) कुंभन दास
(स) चिंतामणि (द) मतिराम

17. 'यह संस्कृत के क्लासिकल कवि थे।'
डॉक्टर बच्चन ने उक्त कथन किसके लिए कहा है ?
(अ) विद्यापति (ब) केशवदास ☑
(स) पद्माकर (द) बिहारी

18. आचार्य रामचंद्र शुक्ल के अनुसार देव के रचित ग्रंथों की संख्या कितनी है ?
(अ) 32 (ब) 27
(स) 23 ☑ (द) 52

19. 'हिंदी काव्य अब पूर्ण प्रोढ़ता पर पहुंच गया था।'
आचार्य रामचंद्र शुक्ल ने यह कथन किस काल के लिए कहा है ?
(अ) रीतिकाकाल ☑ (ब) भक्ति काल
(स) आदिकाल (द) आधुनिक काल

20. आचार्य रामचंद्र शुक्ल ठाकुर नाम के कितने कवियों के बारे में कहा है ?
(अ) 2 (ब) 3 ☑
(स) 4 (द) 5

21. 'यह बहुत ही सच्चे उमंग के कवि थे' आचार्य रामचंद्र शुक्ल ने किसके लिए कहा है ?
(अ) ठाकुर ☑ (ब) पद्माकर
(स) बिहारी (द) देव

22. ''यह प्रेमोन्नत कवि थे और अपनी उमंग के अनुसार रचना करते थे'' यह कथन आचार्य शुक्ल ने किसके लिए कहा ?
(अ) आलम ☑ (ब) घनानंद
(स) बोधा (द) ठाकुर

23. रीतिकाल के वह कवि जो पहले ब्राह्मण थे बाद में मुसलमान हुए ?
(अ) आलम ☑ (ब) घनानंद
(स) देव (द) भूषण

24. सुंदरकांड सौंदर्य ,लहरी देवी स्तुति, हनुमत छबीसी किसकी रचनाएं हैं ?
(अ) मनियार सिंह ☑ (ब) सम्मन
(स) देव (द) ललक सिंह

25. ''प्रेम की पीर की व्यंजना इन्होंने बड़ी मर्मस्पर्शीनी युक्ति से की है उसमे प्रेम की उमंग छलक पड़ती है'' शुक्ल ने किसके लिए कहा है ?
(अ) बोधा ☑ (ब) घनानंद
(स) ठाकुर (द) आलम

26. ''यत्र तत्र व्याकरण दोष होने पर भी भाषा इनकी चलती और मुहावरेदार होती थी'' आचार्य शुक्ल ने किसके लिए कहा ?
(अ) घनानंद ☑ (ब) पद्माकर
(स) बोधा (द) आलम

27. ठाकुर की कविताओं का संग्रह किसने ठाकुर ठसक नाम से किया ?
(अ) श्यामसुंदर दास
(ब) आचार्य रामचंद्र शुक्ल
(स) लाला भगवानदीन☑
(द) रामविलास शर्मा

28. भाषा महिमन के रचनाकार है ?
(अ) रामचंद्र (ब) मनियार सिंह☑
(स) मंचित (द) मनिदेव

हिन्दी साहित्य चैनल

YouTube हिन्दी साहित्य चैनल NET/JRF हिन्दी Whatsapp Group Join करें 9929735474

29. ''ठाकुर कविता तो बड़ी अच्छी करते हैं पर पद कुछ हल्के जान पड़ते हैं।'' यह कथन ठाकुर के लिये किसने कहा ?
(अ) पद्माकर ने☑
(ब) घनानंद ने
(स) आचार्य रामचंद्र शुक्ल ने
(द) डॉ बच्चन सिंह

30. ''यह साक्षात रस मूर्ति और ब्रजभाषा काव्य के प्रधान स्तंभों में से एक है।'' आचार्य रामचंद्र शुक्ल ने उक्त पंक्तियां किसके लिए कही है ?
(अ) घनानंद☑ (ब) बोधा
(स) आलम (द) ठाकुर

31. आचार्य रामचंद्र शुक्ल के अनुसार ब्रजभाषा कवियों में लाक्षणिक साहस किसने दिखाया?
(अ) घनानंद☑ (ब) पद्माकर
(स) बिहारी (द) ठाकुर

32. घनानंद का संबंध किस संप्रदाय से है ?
(अ) वल्लभ संप्रदाय
(ब) निंबार्काचार्य संप्रदाय ☑
(स) ब्रह्म संप्रदाय
(द) शिया संप्रदाय

33. आचार्य रामचंद्र शुक्ल के अनुसार 'प्रेम की पीर और इश्क का दर्द' का कवि कौन है ?
(अ) आलम ☑ (ब) घनानंद
(स) ठाकुर (द) रसलीन

34. करनाभरण, भूपभूषण ग्रंथ किससे संबंधित है ?
(अ) अलंकार से ☑
(ब) नायिका प्रधान
(स) रस प्रधान
(द) छंद प्रधान

35. हिंदी साहित्य के इतिहास में दो काल ऐसे हैं जो अन्य किसी साहित्य में नहीं मिलेंगे वह कौन से हैं ?
(अ) भक्तिकाल व रीतिकाल
(ब) आधुनिक काल व रीतिकाल
(स) रीतिकाल व छायावाद☑
(द) छायावाद व द्विवेदी युग

36. रीतिकाल के कवियों के परिचय लिखने में मैंने प्रयुक्त ग्रंथो से लिये है ?
(अ) आचार्य शुक्ल ने किसके लिए कहा है
(ब) शिव सिंह सरोज मिश्र बंधु विनोद ☑
(स) ग्रियर्सन के इतिहास से
(द) गार्सा द तासी के इतिहास से

37. स्वतंत्र रूप से नीति काव्य परंपरा का विकास किस काल में हुआ–
(अ) भक्तिकाल
(ब) रीतिकाल ☑
(स) आधुनिक काल
(द) आदिकाल

38. 'यह एक विदग्ध और कुशल कवि थे पर कुछ फक्कड़पन लिए हुए इनकी कविता बाजारी है।' आचार्य शुक्ल ने किसके लिए कहा है ?
(अ) जसवंत सिंह (ब) आलम
(स) ग्वाल कवि ☑ (द) सम्मन

39. 'वह आचार्य की हैसियत से हिंदी चित्र में आए कवि की हैसियत से नहीं' आचार्य शुक्ल ने किसके लिए कहा है ?
(अ) केशव
(ब) चिंतामणि
(स) कुलपति महाराजा
(द) जसवंत सिंह ☑

40. 'इन्होंने काव्य के सब अंगों पर ग्रंथ लिखे इनकी भाषा ललित और सानुप्रास होती थी अवध के पिछले कवियों को देखते हुए इनकी ब्रजभाषा विशुद्ध दिखाई देती है।'
आचार्य रामचंद्र शुक्ल ने किसके लिए कहा है ?
(अ) आलम
(ब) चिंतामणि ☑
(स) केशवदास
(द) पद्माकर

41. काव्य रीति का सबसे पहले सम्यक समावेश इन्होंने ही किया आचार्य शुक्ल ने किसके लिए कहा है ?
(अ) केशवदास ☑ (ब) चिंतामणि
(स) मतिराम (द) घनानंद

हिन्दी साहित्य चैनल

42. मतिराम ग्रंथावली की आलोचनात्मक भूमिका किसने लिखी हैं ?
(अ) आचार्य रामचंद्र शुक्ल
(ब) रामविलास शर्मा
(स) रामस्वरूप चतुर्वेदी
(द) कृष्ण बिहारी मिश्र ☑

43. 'जिस कवि में कल्पना की समाहार–शक्ति के साथ भाषा की समास–शक्ति जितनी ही अधिक होगी, उतना ही वह मुक्तक की रचना में सफल होगा। यह क्षमता बिहारी में पूर्ण रूप से वर्तमान थी।' यह कथन किसने कहा ?
(अ) नगेन्द्र
(ब) आचार्य शुक्ल ☑
(स) हजारी प्रसाद द्विवेदी
(द) रामविलास शर्मा

44. 'शुद्ध ब्रजभाषा का जो चलतापन और सफाई इनकी और घनानंद की रचनाओं में है वह अन्यत्र दुलर्भ है।' ''इनकी'' किसके लिए कहा..?
(अ) रहीम (ब) रसखान ☑
(स) बोधा (द) आलम

45. ''घन आनंद वियोग के मूर्तिमान कवि हैं, उनके वियोग में हृदय की तड़प, आँखों की विवशता, वेदना भरा दैन्य, करुणापूर्ण उपालंभ, दर्द भरा क्षोभ आदि की मार्मिक व्यंजना हुई है''
कथन हैं ?
(अ) रामचंद्र शुक्ल (ब) डॉ बच्चन☑
(स) हजारी प्रसाद द्विवेदी (द) रामस्वरूप चतुर्वेदी

46. किसने बिहारी को ''पीयूषवर्षी मेघ'' की उपमा दी ?
(अ) आचार्य रामचंद्र शुक्ल
(ब) हजारी प्रसाद द्विवेदी
(स) अमृतलाल नागर
(द) राधाचरण गोस्वामी ☑

47. बिहारी के कुछ लोगों पर कुंडलियां छंद के रचनाकार कौन है
(अ) राधा कृष्ण दास ☑ (ब) अमृतलाल नागर
(स) अंबिकादत्त व्यास (द) गिरिधर कविराय

48. शब्दो का चतुर प्रयोक्ता मात्र कौन है और किसने कहा है ?
(अ) बिहारी को ग्रिब्स ने ☑
(ब) बिहारी को ग्रियर्सन ने
(स) बिहारी को रामचंद्रशुक्ल ने
(द) बिहारी को डॉक्टर बच्चन ने

49. रीतिकालीन रामकाव्य के कवि माने जाते हैं ?
(अ) चिंतामणि (ब) सेनापति ☑
(स) बिहारी (द) देव

50. बिहारीलाल को किसने रसवादी आचार्य कहा है ?
(अ) आचार्य रामचंद्र शुक्ल ☑
(ब) डॉ नगेंद्र
(स) हजारी प्रसाद द्विवेदी
(द) रामस्वरूप चतुर्वेदी

हिन्दी साहित्य जगत